
देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.547 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.691 अरब डॉलर घटकर 717.056 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना (एफसीएनआर-बी) के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थमी



मुंबई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.09 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि की आशंका के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थम गई। सेंसेक्स 318 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 155 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 318.56 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 81,592.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.26 अंक यानी 0.75 प्रतिशत तक लुढ़क कर 81,288.75 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 155.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूटकर 25,144.30 पर बंद हुआ। इस महीने दोनों मानक सूचकांकों में आई यह पहली बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, ट्रेंट और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़त के साथ बंद हुए। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक के ऊपरी संतोषजनक स्तर (छह प्रतिशत) से अधिक है।

बॉब गोल्डन गोल जमा योजना की ब्याज दरें बढ़ी

मुंबई। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज बॉब गोल्डन गोल जमा योजना के तहत ब्याज दरों में 10 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की घोषणा की। यह 555 दिनों की विशेष रिटेल सावधि जमा योजना है, जो सभी ग्राहक वर्गों और प्रतिदेय तथा गैर-प्रतिदेय दोनों विकल्पों के लिए उपलब्ध है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की गोल्डन गोल जमा योजना पर अब प्रति वर्ष 7.50 प्रतिशत तक का ब्याज मिल रहा है। यह योजना 3 करोड़ रुपये से कम की रिटेल सावधि जमा पर लागू है।

एआई और सेल्सफोर्स से एक्साइड ने बेहतर बनाया ग्राहक अनुभव

मुंबई। देश की अग्रणी बैटरी एवं ऊर्जा समाधान कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज ने ग्राहक सेवाओं को बेहतर और तेज बनाने के लिए सेल्सफोर्स के साथ मिलकर एआई आधारित तकनीक अपनाई है। इसके तहत बिक्री, ग्राहक सेवा, फील्ड ऑपरेशंस और डीलर नेटवर्क को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है। इस तकनीक से एक्साइड का सर्विस रिस्पॉन्स टाइम कई दिनों से घटकर कुछ घंटे रह गया है, जबकि शिकायत निवारण के समय में 30 प्रतिशत से अधिक सुधार हुआ है। कंपनी के अनुसार, अब 95 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान एक ही विजिट में किया जा रहा है।

सार्वजनिक सूचना
एमआरपी में कमी

सभी डीलरों, खुदरा विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं हेतु: **एनपीपीए आदेश का.आ. 5690(अ) दि. 17.10.2026** के अनुसार एमआरपी **09.11.2026 से घटाया गया** (सभी कर सहित):

Ytibira-500 टैब 1x60 ~~₹17,719~~ **₹10,544**
Enshrink-40 कैप 1x28 ~~₹8,063~~ **₹4,462**

कोई भी पैक संशोधित एमआरपी से अधिक पर नहीं बेचा जाएगा।

YTILIGA PRIVATE LIMITED
B1/H3, मोहन को-ऑप. इंडस्ट्रियल एरिया, मथुरा रोड, नई दिल्ली - 110044

रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 94.20 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को रुपया आठ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.20 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से अधिक रहने, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों से डॉलर मजबूत हुआ है। इससे ब्याज दरों में आगे और बढ़ोतरी की आशंका मजबूत हुई है। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में अधिक बढ़ोतरी की संभावना से रुपये पर दबाव बना रह सकता है। इसके अलावा, डॉलर की मजबूती और अमेरिकी परिसंपत्तियों का अधिक आकर्षक होना उभरते बाजारों से विदेशी पूंजी की नई निकासी का कारण बन सकता है।

देश का निर्यात अक्टूबर में 29.9 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत का निर्यात अक्टूबर में 29.9 प्रतिशत बढ़कर 89.99 अरब डॉलर हो गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 20.09 अरब डॉलर रह गया। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। देश का वस्तुओं और सेवाओं सहित कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने में 69.27 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2025 में भारत का व्यापार घाटा 25.15 अरब डॉलर था।

यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.19 लाख इकाई

नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.19 लाख इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। अक्टूबर 2025 में यह आंकड़ा 4.62 लाख इकाई था। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ''यात्री वाहन खंड ने अक्टूबर में अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया। आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 16.1 प्रतिशत बढ़कर 25.78 लाख इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 22.20 लाख इकाई थी। तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री 25.7 प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख इकाई रही।

कैम्पस डायरीज़ सीज़न 2 का ट्रेलर जारी

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी एक्सक्लूसिव ओरिजिनल्स स्ट्रीमिंग सेवा प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी एम एक्स ओरिजिनल सीरीज़ कैंपस डायरीज सीजन 2 का ट्रेलर जारी किया। अभिषेक यादव के निर्देशन में बनी इस सीरीज़ का निर्माण प्रेम मिस्त्री और अभिषेक यादव ने किया है।

फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल ने कैंपेन लांच किया

मुम्बई। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रमुख खाद्य तेल ब्रांड फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल ने छठ पूजा के अवसर पर अपना नया कैंपेन 'घर का खाना, घर की छठ' लॉन्च किया है। कैंपेन घर, खानपान, पारिवारिक परंपराओं और अपने घर, परिवार और परंपराओं की ओर लौटने की खुशी के बीच भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है।

सही मार्गदर्शन से उपयोगी समाधान में बदल सकता है युवा प्रतिभाओं के विचार

नई दिल्ली। पानी की कमी जैसी समस्या का समाधान खोजने के प्रयास से लेकर विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रतियोगिताओं में पहचान बनाने तक, यश वार्ष्णेय की यात्रा बताती है कि जिज्ञासा और सही मार्गदर्शन से युवा प्रतिभाएं अपने विचारों को उपयोगी समाधान में बदल सकती हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित गुरुकुल द स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र और लोढ़ा जीनियस प्रोग्राम (एलजीपी) के 2024 बैच के प्रतिभागी यश की रुचि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के जरिए वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने में है। उनके प्रमुख प्रोजेक्ट्स में से एक डी.एच.ए.आर.एम. (डायरेक्ट हार्नेसिंग ऑफ एटमॉस्फेरिक रिन्यूएबल मॉइस्चर) है। इसके जरिए वातावरण में मौजूद नमी को इकट्ठा करके पीने योग्य पानी में बदलने की संभावना पर काम किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट पानी की कमी का समाधान खोजने में उनकी रुचि को दर्शाता है। यश के शब्दों में, मेरे लिए विज्ञान का मतलब बदलाव लाना है। मेरी रिसर्च पानी की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का समाधान खोजने पर केंद्रित है, ताकि सभी के लिए बेहतर भविष्य बनाया जा सके। विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में यश ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) 2024 में उन्होंने गाजियाबाद में दूसरा स्थान हासिल किया और स्टेट कैंप के लिए आमंत्रित किए गए। उनका चयन वीवीएम ओलंपियाड के राज्य स्तर के लिए भी हुआ। उन्होंने कॉम्पुफेस्ट 2के24 एम्पावरएक्स में वेब डिजाइन कैटेगरी, माइंडबॉक्स डिजाइन चैंपियनशिप के रीजनल राउंड में कोडिंग कैटेगरी और डिजाइन चैंपियनशिप 2024 के नॉर्थ और ईस्ट इंडिया रीजनल्स में कोडिंग कैटेगरी में जीत हासिल की। उन्हें गुरुकुल द स्कूल में कंप्यूटर विजार्ड और स्कॉलर के रूप में भी सम्मानित किया गया है। पढ़ाई के अलावा, यश एक्सप्रेशंस इंडिया के साथ पीयर एजुकेटर के रूप में सीबीएसई एडोलसेंट लाइफ स्किल्स लीडरशिप प्रोग्राम को टेक्निकल सपोर्ट देते हैं। टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज की पहल जनरेशन ग्लोबल के जरिए उन्होंने वैश्विक मुद्दों पर अलग-अलग पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के साथ संवाद में हिस्सा लिया है। उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के कोड इन प्लेस प्रोग्राम में भी भाग लिया, जहां उन्होंने पाइथन प्रोग्रामिंग और कंप्यूटेशनल थिंकिंग सीखी। खेलों में भी यश की रुचि है, उन्होंने जूनियर ओलंपिक्स 2025 की 4×100 मीटर रिले रेस और 2,000 से अधिक प्रतिभागियों वाली रन फॉर नेशन की 5 किलोमीटर मैराथन में रनर-अप स्थान हासिल किया। स्कूल के स्पोर्ट्स डे 2024 में उन्होंने लैडर रेस में सिल्वर मेडल भी जीता। लोढ़ा जीनियस प्रोग्राम, लोढ़ा फाउंडेशन की एक प्रमुख पहल है। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य असाधारण क्षमता रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना है। मेंटरशिप, अकादमिक लर्निंग और वैश्विक अनुभवों के माध्यम से यह कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमताएं विकसित करने और कक्षा से बाहर भी नए अवसरों को तलाशने में मदद करता है। लोढ़ा फाउंडेशन शिक्षा, रिसर्च और ज्ञान के माध्यम से भारत की प्रगति में योगदान देने की दिशा में काम करता है। यश आगे भी विज्ञान, टेक्नोलॉजी और पर्यावरण के क्षेत्र में नए विचारों पर काम करना चाहते हैं और ऐसी तकनीक विकसित करना चाहते हैं जो बड़ी पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान खोजने में मदद कर सके। उनकी यात्रा दिखाती है कि युवा अपनी सीख और सोच के जरिए सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

सूचना

मैने अपना नाम SHIVAKANT से बदलकर SHIVAKANT BAJAJ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BABU SHANKAR ADD-CHAKAMALI, AMANPUR, KARVI, DIST-CHITRAKUT-210205 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SHAHEEN BANO से बदलकर SAHEEN BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD LAULAN ADD-133/122/1 SADIYABAD TELIYAR GANJ DIST-PRAYAGRAJ (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SAKSHI RAI से बदलकर KM SAKSHI RAI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-SUNIL KUMAR RAI ADD-GAKDISHPUR PANI TANKI KE PASS DIST-BALLIA-277001 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम REHANA FATMA से बदलकर REHANA FATIMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-NAWAB MUKHTAR ADD-H/No-164/121 HAIDAR MIRZA ROAD MAMU BHANJE KI QABAR AMINABAD DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

सूचना

मैने अपने (माइनर) पुत्र RUDRA ISSAR का नाम बदलकर RUDRA SINGH ISSAR रख लिया है अब भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-HITESH ISSAR ADD-1/128G, VINEET KHAND, GOMTINAGAR PO: GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P.)

सूचना

सूच्य हो कि मेरा नाम अजय पुत्र राम बहादुर व अजय सोनकर पुत्र राम बहादुर दोनों मेरे ही नाम है मैं दोनों नाम से जाना जाता हूं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) हैं। अतः मुझे अजय सोनकर पुत्र राम बहादुर निवासी ग्राम–चांदपुर लूक पोस्ट.कल्याणपुर बेंती तहसील डलमऊ थाना–डलमऊ, जिला–रायबरेली नाम से जाना, पहचाना व समझा जाए।

सूचना

मैं आशु जायसवाल पुत्र स्व० राम आसरे जायसवाल, निवासी–538/343 क, दीनदयाल नगर, थाना–मदेहगंज, लखनऊ एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मैंने अपने ससुर विनोद कुमार जायसवाल पुत्र रामदास जायसवाल, सास राधारानी जायसवाल, साला अमन जायसवाल एवं सरहज स्वाती जायसवाल (निवासीगण–161/712, ताजीखाना मसकगंज, थाना–वजीरगंज, लखनऊ) से दिनांक 12.11.2026 से अपने सभी पारिवारिक रिश्ते व संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में उक्त व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी लेन–देन या कृत्य से मेरा व मेरे परिवार (भाइयों व बहुओं) का कोई वास्ता या सरोकार नहीं रहेगा। वे अपने कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एसर इलेक्ट्रिक मौजूदगी को करेगा और मजबूत

लखनऊ। एसर इलेक्ट्रिक व्हेकल्स नया रिटेल आउटलेट खोलने के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। यह नया आउटलेट राज्य में ब्रांड के बढ़ते रिटेल नेटवर्क की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। एसर इनकॉर्पोरेटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त ट्रेडमार्क के अंतर्गत थिंक ईबाइकगो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित लखनऊ आउटलेट, वाराणसी, मथुरा और गोरखपुर में पहले से मौजूद रिटेल आउटलेट्स के बाद उत्तर प्रदेश में एसर इलेक्ट्रिक का चौथा रिटेल आउटलेट होगा। यह विस्तार राज्य में ब्रांड की पहुँच को और मजबूत करेगा।

जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने ब्राण्ड अभियान हियर नाउ लांच किया



मुम्बई। जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान हियर.नाउ. का नवीन अध्याय लॉन्च किया है जिसे एकीकृत भारत–केंद्रित मीडिया रणनीति का समर्थन प्राप्त है। बच्चों के भविष्य की योजना और सेवानिवृत्ति की तैयारियों पर बल देने वाला यह अभियान ब्रांड के अपने बिंदास सपनों के लिए बड़ा सोचो के विचार को हक़ीकत में बदलता है। यह ग्राहकों को बड़े सपने देखने और जीवन के हर पड़ाव पर अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित करता है। आज के समय में शिक्षा की लागत लगातार बढ़ रही है ऐसे में माता–पिता बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए पहले से योजना बनाने लगे हैं। लोगों की आयुकाल बढ़ने के साथ ही सेवानिवृत्ति की जरूरतें भी बदल रही हैं। इसलिए यह अभियान भविष्य के सपनों को सच करने के लिए आज ही कदम उठाने के महत्व पर बल देता है। इस अभियान पर टिप्पणी करते हुए आलोक रुंगटा एमडी और सीईओ जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा भारतीय परिवारों के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय प्राथमिकताएं हैं बच्चों के भविष्य की योजना बनाना और सेवानिवृत्ति की तैयारी करना। जीवन बीमा श्रेणी में लगभग 70 प्रतिशत व्यवसाय इन्ही दोनों वर्गों में होता है। आज के समय में जहाँ लोगों की आकांक्षाएं बदल रही हैं वहीं ऐसे समाधानों की आवश्यकता भी बढ़ रही है जिससे न केवल अपने वित्तीय लक्ष्यों को हासिल किया जा सके बल्कि जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षित भी रहा जा सके।

डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश पेश

मुम्बई। डेटॉल ने आज नए डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश को लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले कई दशकों से डेटॉल विज्ञान आधारित नवाचार और कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के जरिए भारत में हाथों की स्वच्छता से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब डेटॉल का लोकप्रिय ओरिजिनल हैंडवॉश एडवांस्ड फोमिंग फॉर्मेट में उपलब्ध होगा।

आईगारंटी चाइल्ड अश्योर लॉन्च

नई दिल्ली। बंधन ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस शाखा, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्ड अश्योर लॉन्च किया है। यह एक बचत बीमा योजना है, जो माता–पिता को कोचिंग कक्षाओं और कॉलेज की फीस से लेकर करियर की शुरुआत तक, अपने बच्चे के सपनों और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार होने में मदद करती है। यह योजना गारंटीकृत वार्षिक आय प्रदान करती है, जिसके बाद आय अवधि के अंत में एकमुश्त करियरस्टार्ट बेनिफिट मिलता है। इससे माता–पिता को अपने बच्चे की शिक्षा और करियर के लक्ष्यों के लिए बचत करने में मदद मिलती है। माता–पिता अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार 8,10 या 12 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि चुन सकते हैं और बच्चे की पात्र आयु जन्म से 21 वर्ष तक हो सकती है।

टीएमबी ने स्थापना दिवस मनाया

तूतीकोरिन। तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक (टीएमबी) के 105वें स्थापना दिवस समारोह की शोभा बढ़ाई और बैंक से आने वाले वर्षों में भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक बनने की आकांक्षा रखने का आह्वान किया। टीएमबी की 105 वर्षीय विरासत पर बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने 1921 में नाडार बैंक लिमिटेड के रूप में इसकी शुरुआत से लेकर 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों में 632 शाखाओं वाले एक अग्रणी बैंकिंग संस्थान तक की यात्रा को याद किया, जो 53 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रहा है और जिसका कुल कारोबार 1.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

हॉट एंड कोल्ड एसी रेंज लॉन्च

मुम्बई। वोल्टास लिमिटेड ने आज अपनी नई हॉट एंड कोल्ड एसी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ कंपनी ने अपने रूम एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो में ऐसे उत्पाद जोड़े हैं, जो अलग–अलग जलवायु परिस्थितियों में भरोसेमंद परफॉर्मेंस देने के लिए बनाए गए हैं। यह नई रेंज एक ही मशीन में कूलिंग और हीटिंग देती है, और इसके चुनिंदा मॉडल्स में एडवांस्ड एयर प्यूरिफिकेशन तकनीक भी है। इसे पूरे साल घर के अंदर बेहतर आराम देने के लिए डिजाइन किया गया है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-132564
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांक : 3893/निविदा दिनांक : 05.11.2026

ई–निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 3893/निविदा दिनांक 05.11.2026 के द्वारा निम्न विवरण के अनुसार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, निविदा दिनांक 16.11.2026 से 26.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाईन अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.11.2026 को 12:30 बजे आनलाईन खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफटवेयर से आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अंकलित धनराशि रू0 लाख में	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित	कार्य सम्पादन करने हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
विधानसभा– बीकापुर									
1	अयोध्या	विनायकपुर बाघाकोल सम्पर्क मार्ग के चैनेज 1.550 पर स्थित संकरी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1 गुणे 2.00 गुणे 2.00 मीटर बाक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	27.50	2.75	880.00	02 माह	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या	अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या	मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या
2	अयोध्या	एन.एच. 28 से निदुरा तक सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.150 पर स्थित सकरी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1 गुणे 2.00 गुणे 2.00 मीटर बाक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	27.60	2.76	880.00	02 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
3	अयोध्या	एन.एच. 28 से निदुरा तक सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.040 पर स्थित सकरी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1 गुणे 2.00 गुणे 2.00 मीटर बाक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	27.60	2.76	880.00	02 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगायी गयी है।
बिड डाक्यूमेन्ट की धनराशि (निविदा शुल्क) कालम 6 के अनुसार केवल नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑन लाईन यू0पी0 ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।
बिड डाक्यूमेन्ट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कालम 5 के अनुसार केवल नेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाईन यू0पी0 ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा आनलाईन दिनांक 16.11.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 26.11.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।
उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं0 1/2018/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उ0प्र0 260945 दि. 13.11.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या

कार्यालय चुनाव अधिकारी एवं मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक)
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश
गंगा सिंचाई भवन, तेलीबाग, लखनऊ।

पत्राँक : 2790/शा0सहा0(अनु0प्रको0)/पिम–चुनाव/लखनऊ, दिनाँक : 06 नवम्बर, 2026

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश सहभागी सिंचाई प्रबन्धन अधिनियम–2009 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सहभागी सिंचाई प्रबन्धन नियमावली 2010 (यथा संशोधित) के अनुसार शारदा सहायक संगठन में निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुलाबा समितियों के तृतीय चरण के निर्वाचन कार्यक्रम एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है:–

कुलाबा समितियों का विवरण

खण्ड का नाम–शारदा सहायक खण्ड–28, हैदरगढ़
नामांकन का स्थानः– निरीक्षण भवन हैदरगढ़।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	अन्दुमऊ अल्पिका	1 से 11	29	कोड़वा अल्पिका	1 से 05	57	क्रिसिया रजबहा	1 से 28
2	मलिनपुर अल्पिका	1 से 06	30	बलीपुर अल्पिका	1 से 18	58	ओहरामऊ अल्पिका	1 से 08
3	बेलहरी अल्पिका	1 से 09	31	बरावां अल्पिका	1 से 06	59	बम्हरौली अल्पिका	1 से 03
4	बिजौली अल्पिका	1 से 05	32	बूबूपुर अल्पिका	1 से 07	60	पलिया अल्पिका	1 से 13
5	गढ़ी अल्पिका	1 से 07	33	हरचन्दपुर अल्पिका	1 से 04	61	अहमदपुर अल्पिका	1 से 02
6	सिकन्दरपुर अल्पिका	1 से 06	34	हुसैनाबाद अल्पिका	1 से 14	62	किसनी अल्पिका	1 से 10
7	सरायरावत अल्पिका	1 से 09	35	कमेला अल्पिका	1 से 06	63	गेसियामऊ अल्पिका	1 से 06
8	बुढनापुर अल्पिका	1 से 06	36	नेवाजगढ़ अल्पिका	1 से 05	64	अछई अल्पिका	1 से 15
9	थानपुर अल्पिका	1 से 06	37	पाली अल्पिका	1 से 05	65	बारी अल्पिका	1 से 14
10	करौंदी अल्पिका	1 से 06	38	पूरेमिश्र अल्पिका	1 से 05	66	फरीदपुर अल्पिका	1 से 6
11	बारा रजबहा	1 से 54	39	राजापुर अल्पिका	1 से 07	67	फशी अल्पिका	1 से 8
12	लाही रजबहा	1 से 25	40	शहरी अल्पिका	1 से 07	68	गंगापुर अल्पिका	1 से 11
13	बहुता अल्पिका	1 से 11	41	संसारपुर अल्पिका	1 से 16	69	हलोर अल्पिका	1 से 25
14	गोयन अल्पिका	1 से 06	42	शरीफाबाद अल्पिका	1 से 27	70	कोटवा अल्पिका	1 से 9
15	टिकरी अल्पिका	1 से 35	43	शिवली अल्पिका	1 से 5	71	महेशपुर अल्पिका	1 से 9
16	ककरी रजबहा	1 से 16	44	तेन्दुआं अल्पिका	1 से 09	72	मांझगांव अल्पिका	1 से 20
17	तेजवापुर अल्पिका	1 से 09	45	रतौली अल्पिका	1 से 07	73	सेमरौता रजबहा	1 से 38
18	बैती रजबहा	1 से 36	46	सफीपुर अलिपका	1 से 09	74	पैकोली अल्पिका	1 से 13
19	फिरोजाबाद अल्पिका	1 से 09	47	टेवसी अल्पिका	1 से 09	75	सलेमपुर अल्पिका	1 से 15
20	गनेहरी अल्पिका	1 से 22	48	लिल्हौरा रजबहा	1 से 30	76	आदिलपुर अल्पिका	1 से 19
21	हसनपुर रजबहा	1 से 28	49	बीजापुर अल्पिका	1 से 10	77	आशापुरगाड़ी अल्पिका	1 से 05
22	कोलहदा अल्पिका	1 से 08	50	सतहरी अल्पिका	1 से 10	78	आरियावां अल्पिका	1 से 11
23	मनोधरपुर अल्पिका	1 से 07	51	बहादुरपुर अल्पिका	1 से 12	79	भदमर अल्पिका	1 से 14
24	पोखरा अल्पिका	1 से 22	52	काजीपुर द्वि0 अल्पिका	1 से 07	80	दोना अल्पिका	1 से 11
25	नरायनपुर अल्पिका	1 से 08	53	रनापुर अल्पिका	1 से 07	81	मुबारकपुर अल्पिका	1 से 9
26	उसमानपुर अल्पिका	1 से 11	54	खानपुर रजबहा	1 से 31	82	नरायनपुर अल्पिका	1 से 05
27	सुबेहा रजबहा	1 से 109	55	मोहम्मदपुर अल्पिका	1 से 08	83	शंकरगंज अल्पिका	1 से 6
28	काजीपुर प्रथम अल्पिका	1 से 08	56	बेहटा अल्पिका	1 से 05			

शारदा सहायक खण्ड–49, सुलतानपुर
नामांकन का स्थानः– कार्यालय जिलेदारी द्वितीय, शारदा सहायक खण्ड–49, सुलतानपुर।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	हरदोईया राजबाहा	1 से 42	12	उसरापुर अल्पिका	1 से 7	23	पूरबद्वारा अल्पिका	1 से 10
2	नदियावां अल्पिका	1 से 13	13	उज्जैनी अल्पिका	1 से 27	24	बन्दोइयां अल्पिका	1 से 10
3	जगईपुर अल्पिका	1 से 12	14	भुसियावां अल्पिका	1 से 10	25	सनहा अल्पिका	1 से 10
4	बहोरखा अल्पिका	1 से 4	15	सोरावं अल्पिका	1 से 09	26	टिकरी अल्पिका	1 से 8
5	खाखरदेई अल्पिका	1 से 8	16	तुलसीपुर अल्पिका	1 से 13	27	अमयमाफी अल्पिका	1 से 8
6	सेवईहमगढ़ अल्पिका	1 से 8	17	टिकरी राजबाहा	1 से 183	28	भीमी अल्पिका	1 से 13
7	नेवादा किसुनगढ़ अल्पिका	1 से 6	18	कोरारीलक्ष्नशाह अल्पिका	1 से 06	29	शहरी अल्पिका	1 से 5
8	ईकसारा अल्पिका	1 से 10	19	धानापुर अल्पिका	1 से 16	30	कस्तूरीपुर अल्पिका	1 से 12
9	दक्खिन गॉव अल्पिका	1 से 3	20	सरूवावां अल्पिका	1 से 19	31	पटखौली अल्पिका	1 से 7
10	शाहगढ़ अल्पिका	1 से 5	21	सेमरा अल्पिका	1 से 11	32	नेवढ़िया अल्पिका	1 से 18
11	हरिहरपुर अल्पिका	1 से 10	22	सुलतानपुर द्वितीय अल्पिका	1 से 03			

शारदा सहायक खण्ड–51, प्रतापगढ़
नामांकन का स्थानः– उपखण्डीय कार्यालय, द्वितीय एवं तृतीय।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	मदाफरपुर राजवहा	26 से 39	5	सेवरा अल्पिका	1 से 04	9	श्रीनाथपुर अल्पिका	1 से 10
2	दरछुट अल्पिका	1 से 05	6	जयसिहगढ़ अल्पिका	1 से 11	10	चिलबिला राजवहा	109 से 164
3	नरायनपुर अल्पिका	1 से 06	7	गोलाही अल्पिका	1 से 05			
4	नागापुर राजवहा	116 से 166	8	चौपई अल्पिका	1 से 06			

शारदा सहायक खण्ड–45, रायबरेली
नामांकन का स्थानः– परशदेपुर निरीक्षण भवन, परशदेपुर।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	डीह अल्पिका	1 से 03	10	बभनपुर अल्पिका	1 से 14	19	पदुमपुर अल्पिका	1 से 08
2	पाठकपुर अल्पिका	1 से 09	11	रेवली अल्पिका	1 से 20	20	जगतपुर अल्पिका	1 से 05
3	सिरसी रजबहा	1 से 30	12	नसीरपुर अल्पिका	1 से 05	21	बारा अल्पिका	1 से 12
4	हमीरपट्टी अल्पिका	1 से 07	13	खेतौधन अल्पिका	1 से 10	22	ननौती अल्पिका	1 से 08
5	बिरनांवा अल्पिका	1 से 10	14	घाटमपुर अल्पिका	1 से 26	23	मंगापुर अल्पिका	1 से 06
6	उदयपुर रजबहा	1 से 76	15	आशापुर अल्पिका	1 से 20	24	लालगंज अल्पिका	1 से 16
7	बासूपुर अल्पिका	1 से 12	16	अटावां अल्पिका	1 से 05	25	राहाटीकर अल्पिका	1 से 03
8	छतोह अल्पिका	1 से 14	17	भगवतपुर अल्पिका	1 से 08	26	अमीशंकरपुर अल्पिका	1 से 08
9	भुवालपुर अल्पिका	1 से 08	18	बिजौली अल्पिका	1 से 18	27	गोपालपुर अल्पिका	1 से 23

शारदा सहायक खण्ड–41 अमेठी
नामांकन का स्थानः– क्रमांक–01 से 35 तक निरीक्षण भवन, तातारपुर।
क्रमांक–36 से 88 तक उपखण्ड कार्यालय जगदीशपुर।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	मिर्जागढ़ अल्पिका	1 से 07	31	फूला अल्पिका	1 से 07	61	जमुवारी अल्पिका	1 से 01
2	मद्दूपुर अल्पिका	1 से 10	32	कटोरवा अल्पिका	1 से 05	62	मण्डवा अल्पिका	1 से 10
3	उत्तरगांव अल्पिका	1 से 07	33	कूंची अल्पिका	1 से 07	63	सत्थिन पश्चिम अल्पिका	1 से 05
4	मलावां अल्पिका	1 से 09	34	पहाड़पुर अल्पिका	1 से 06	64	सत्थिन पूर्व अल्पिका	1 से 06
5	सरेसर अल्पिका	1 से 12	35	रस्तामऊ अल्पिका	1 से 05	65	फाजिलपुर अल्पिका	1 से 05
6	बाबूपुर अल्पिका	1 से 08	36	दिछौली अल्पिका	1 से 07	66	रजखेता अल्पिका	1 से 07
7	ततारपुर अल्पिका	1 से 05	37	कटेहटी राजबहा	11 से 45	67	नियावां अल्पिका	1 से 21
8	जगदीशपुर अल्पिका	1 से 05	38	दौलतपुर अल्पिका	1 से 06	68	मंगरौली अल्पिका	1 से 04
9	मिश्रौली अल्पिका	1 से 07	39	टाण्डा अल्पिका	1 से 16	69	अंकरा अल्पिका	1 से 04
10	रंकापुर अल्पिका	1 से 01	40	इमलीगांव अल्पिका	1 से 17	70	बागमीरा अल्पिका	1 से 05
11	मंगोली अल्पिका	1 से 10	41	खालिस बाहरपुर अल्पिका	1 से 15	71	लखनीपुर अल्पिका	1 से 11
12	उमरावल अल्पिका	1 से 26	42	गण्डौली अल्पिका	1 से 05	72	अंगूरी अल्पिका	1 से 07
13	सिरियारी अल्पिका	1 से 23	43	उंचगांव अल्पिका	1 से 13	73	अशरफपुर अल्पिका	1 से 09
14	पिण्डारा अल्पिका	1 से 06	44	महोना पश्चिम अल्पिका	1 से 06	74	सलारपुर अल्पिका	1 से 05
15	लौली अल्पिका	1 से 10	45	महोना अल्पिका	1 से 09	75	कोटवा अल्पिका	1 से 19
16	रेवली अल्पिका	1 से 22	46	बरवनगढ़ अल्पिका	1 से 08	76	चिलौली अल्पिका	1 से 09
17	अंसारी अल्पिका	1 से 09	47	शेखपुर अल्पिका	1 से 08	77	बिझौरा अल्पिका	1 से 10
18	सकटपुर अल्पिका	1 से 06	48	गयासपुर अल्पिका	1 से 01	78	अकबरगंज अल्पिका	1 से 05
19	सातनपुर अल्पिका	2 से 18	49	मरदानपुर अल्पिका	1 से 07	79	हरपालपुर अल्पिका	1 से 17
20	जगतपुर अल्पिका	1 से 08	50	निरहीगढ़ अल्पिका	1 से 08	80	रक्सहा अल्पिका	1 से 05
21	बंगरा अल्पिका	1 से 12	51	शुकुलपुर अल्पिका	1 से 10	81	चौबीसी अल्पिका	1 से 04
22	सिंहपुर अल्पिका	1 से 19	52	कटेहटी अल्पिका	1 से 09	82	पलिया पश्चिम अल्पिका	1 से 02
23	खारा अल्पिका	1 से 12	53	पूरबगांव अल्पिका	1 से 03	83	खैरातपुर अल्पिका	1 से 06
24	भानीपुर अल्पिका	1 से 04	54	हरखूमऊ अल्पिका	1 से 06	84	सिंदुरवा अल्पिका	1 से 13
25	वनभरिया अल्पिका	1 से 07	55	भटमऊ अल्पिका	1 से 05	85	कमरौली अल्पिका	1 से 13
26	पन्हौना अल्पिका	1 से 11	56	फुन्दनपुर अल्पिका	1 से 08	86	सरायं आलम अल्पिका	1 से 08
27	दांदूपुर अल्पिका	1 से 08	57	सुजानपुर अल्पिका	1 से 10	87	जलालपुर अल्पिका	1 से 17
28	गोधना अल्पिका	1 से 06	58	तिवारीपुर अल्पिका	1 से 07	88	चिरैया अल्पिका	1 से 08
29	फत्तेपुर अल्पिका	1 से 08	59	छज्जूपुर अल्पिका	1 से 11			
30	गोण्डवां अल्पिका	1 से 13	60	ब्योरेमऊ अल्पिका	1 से 08			

शारदा सहायक खण्ड–36, जौनपुर
नामांकन का स्थानः– क्रमांक–01 से 3 तक जिलेदारी कार्यालय बदलापुर, जौनपुर।
क्रमांक–04 से 05 तक जिलेदारी कार्यालय पट्टी, प्रतापगढ़।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	जौनपुर राजवाहा	119 से 326 तक कुल 208 कुलाबा	3	डंण्डवा माइनर	1 से 33 तक	5	धरौली राजवाहा	61 से 131 तक
2	भीमपुर राजवाहा	1 से 96 तक	4	जौनपुर राजवाहा	59 से 75 तक एवं 82 से 118 तक कुल 54 कुलाबा			

सिंचाई खण्ड, सुलतानपुर
नामांकन का स्थानः– क्रमांक–01 से 11 तक रामगंज निरीक्षण भवन।
क्रमांक–12 से 23 तक मुरली निरीक्षण भवन (लम्भुआ)।

क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या	क्र0	नहर का नाम	कुलाबा संख्या
1	रामगंज रजवहा	89 से 247	9	कादीपुर अल्पिका	1 से 09	17	नरहरपुर अल्पिका	1 से 20
2	सिंगरामऊ रजवहा	1 से 51	10	मल्हूपुर अल्पिका	1 से 15	18	अहिरौला अल्पिका	1 से 11
3	कल्याणपुर अल्पिका	1 से 08	11	तियरा अल्पिका	1 से 03	19	चॉदा रजवहा	1 से 116
4	बहरौली अल्पिका	1 से 08	12	मुरली अल्पिका	1 से 06	20	भैरोपुर अल्पिका	1 से 05
5	अमरूपुर अल्पिका	1 से 13	13	लम्भुआ अल्पिका	1 से 08	21	उपाध्यायपुर अल्पिका	1 से 13
6	बांसूपुर अल्पिका	1 से 18	14	करनपुर अल्पिका	1 से 22	22	मदनपुर अल्पिका	1 से 05
7	सिंघावल अल्पिका	1 से 13	15	लोटिया अल्पिका	1 से 11	23	रानीपुर अल्पिका	1 से 25
8	साढापुर अल्पिका	1 से 10	16	गोपालपुर अल्पिका	1 से 13			

कुलाबा समिति के तृतीय चरण के निर्वाचन का प्रस्तावित कार्यक्रम

कार्यक्रम	दिनांक	समय
नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना	14.11.2026 से 20.11.2026	09 बजे पूर्वान्ह से 04 बजे अपरान्ह
नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा	21.11.2026	10 बजे पूर्वान्ह से 05 बजे अपरान्ह
नाम वापसी	23.11.2026 से 28.11.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक	10 बजे पूर्वान्ह से 03 बजे अपरान्ह
चुनाव चिन्ह का आवंटन	30.11.2026	10 बजे पूर्वान्ह से 05 बजे अपरान्ह
कुलाबा समितियों का मतदान	15.12.2026	08 बजे पूर्वान्ह से 05 बजे अपरान्ह
मतगणना एवं परिणाम की घोषणा	17.12.2026	10 बजे पूर्वान्ह से

(प्रभाकर प्रसाद)
चुनाव अधिकारी एवं
मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक)

उ0प्र0 260849 दि. 12.11.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।